तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 20 जून 2024

10 विवाह पूर्व कुंडली मिलान के साथ-साथ कराएं वर ...



11 नगद भुगतान की घोषणा ने संग्राहकों के चेहरे पर...





## एक सब इंजीनियर को जिले की कमान, दो स्थानों में एसडीओ का भी प्रभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

जिले में कब क्या हो जाये इसकी कल्पना करना बेहद ही मुश्किल भरा कार्य है। सुकमा स्थित लोनिवि अनियमितता के साथ साथ उसकी कार्यप्रणाली को लेकर चर्चा में आया हुआ है। यहां पदस्थ उपअभियंता दो स्थानों पर प्रभारी एसडीओ के साथ- साथ संपूर्ण जिले के ज्यादात्तर कार्य की मानिटरिंग स्वयं कर रहा है। सुकमा जिले में बिना मुखिया को हो चुका लोनिवि डिवीजन कार्यालय इन दिनों सुर्खियों में है। एक ओर जहां 20 दिनों से कार्यपालन जैसे प्रमुख पद रिक्त है तो अरबों के कार्य किसके भरोसे चल रहें हैं, यहां जांच का एक बड़ा विषय है। 31 मई से लेकर आज पर्यन्त तक किसी भी अधिकारी को कार्यपालन अभियंता का प्रभार न दिया जाना कई सवालों को जन्म देता है। हालांकि कलेक्टर सुकमा ने लोनिवि सचिव को पत्र लिखकर कार्यपालन अभियंता की पदस्थापना करने कहा है। कोन्टा में पदस्थ रेशमलाल सूर्यवंशी एकमात्र ऐस अधिकारी है जो कोन्टा में रहकर 100 से 150 किमी दूर तक के कार्यों की मानिटरिंग करते है। खासकर एलडब्ल्यूई के करोड़ों रुपए ▶▶| शेष पेज 10 पर

### कोंटा से लेकर सुकमा तक अरबों के कार्यों की कर रहे मानिटरिंग

#### बिना निविदा के भी होता है कार्य

लोनिवि सुकमा के सब डिवीजन कोन्टा में पदस्थ उप अभियंता रेशमलाल सूर्यवंशी ने कहा कि लोनिवि में सबकुछ हो सकता है। एक भाजपा कार्यकर्ता से मोबाइल से चर्चा करते हुए कहा कि हमारे विभाग में कार्य पहले होता है और निविदा बाद में लगाते है। श्री सूर्यवंशी ने बिना कार्यादेश के चल रहे कार्यों पर भी कहा कि ये लोनिवि के सभी उच्च अधिकारी के संज्ञान में होता है।




#### कहने को उप अभियंता पर पॉवर कार्यपालन अभियंता जैसा

कोन्टा सब डिवीजन में पदस्थ उप अभ्यिांता रेशमलाल सूर्यवंशी वैसे एक मात्र सब डिवीजन कोन्टा के उप अभियंता हैं। लेकिन उच्च पदस्थ अधिकारियों की मेहरबानी से वे कोन्टा के एसडीओ के साथ साथ दोरनापाल के भी एसडीओ के प्रभार में है। सबसे खास बात यह है कि जिस सब डिवीजन में वे एसडीओ है वही पर वो उप अभ्यिांता भी है। ऐसे स्थिति में कार्य के प्रति गुणवत्ता से लेकर वित्तीय मामलो पर भी संदेह पैदा होता है।

### खबर संक्षेप



#### आईईडी ब्लास्ट से बुजुर्ग महिला के दोनों पैर जख्मी

**बीजापुर।** नक्सलियों के लगाए आईईडी की चपेट में आने से एक बुजुर्ग महिला गंभीर रूप से घायल हो गई है। महिला को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक बुधवार की सुबह उसूर थाना क्षेत्र के नड़पल्ली निवासी बुजुर्ग महिला जोगी पति गंगा उम्र 55 जंगल में टोरा बिन रही थी। इसी दौरान नक्सलियों द्वारा जवानों को नुकसान पहुंचाने प्लांट की गई प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से उक्त बुजुर्ग महिला के दोनों पैर गंभीर रूप से जख्मी हो गए हैं। साथ ही बुर्जुग महिला को शरीर के अन्य हिस्से में भी चोट पहुंची हैं। घटना की खबर लगते ही गांव वालों ने महिला को उसूर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। उसूर में उपचार के बाद महिला को बेहतर इलाज के एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भेजा गया है।

#### शाला प्रबंधन एवं विकास समिति ने बनाई रणनीति

**चारामा।** प्रबंध संचालक समग्र शिक्षा रायपुर के निर्देशानुसार एसएमडीसी की प्रथम त्रैमासिक बैठक शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चारामा में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के प्रभारी अध्यक्ष की अध्यक्षता में 18 जून को हुई। इस बैठक में विशेष रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष प्यारेलाल देवांगन, सभापति उमा देवी शर्मा उपस्थित रहे। शाला विकास के संबंध में विचार विमर्श किया गया और कार्यक्रम में परीक्षा परिणाम पर खुशी जाहिर करते हुए शिक्षकों को शुभकामनाएं दी। मध्यान्ह भोजन के लिए अतिरिकत कक्ष, हाथ धुलाई शेड एवं एक नग वाटर प्यूरीफायर की मांग के लिए प्रभारी मंत्री बृजमोहन अग्रवाल को मांग पत्र सौंपने का प्रस्ताव पारित किया गया।

### जुनावनी के जिस जंगल में मिलते थे प्रेमी जोड़े, वहीं घोंट दिया प्रेमिका का गला

## काम के दौरान प्यार हुआ, शादी के लिए दबाव बनाया तो प्रेमिका की कर दी हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ 12 दिन पूर्व सड़ी गली हालत में मिला था महिला का शव

जिले के बकावण्ड थाना क्षेत्र स्थित जुनावनी के जंगल में 12 दिन पूर्व एक महिला की सड़ी गली हालत में शव मिला था। जांच के दौरान उसकी हत्या की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने हत्या के आरोपी प्रेमी को ओडिशा से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी प्रेमी व प्रेमिका दोनों ही विवाहित थे। आरोपी प्रेमी की पत्नी उसे छोड़कर चली गई थी। वहीं प्रेमिका के पति की मौत हो गई थी। एसपी शलभ कुमार सिन्हा ने प्रेसवार्ता में अंधे कत्ल का खुलासा करते हुए बताया कि 7 जून 2024 को ग्राम जुनावनी के कोटवार कमलोचन से ग्राम जुनावनी जंगल में एक अज्ञात महिला का शव सडे गले हाल में पड़े होने की सूचना मिली थी। सूचना पर घटनास्थल पहुंची पुलिस ने एक अज्ञात महिला का शव सड़े गले हालत में सरई पेड़ के नीचे से बरामद किया था। मामले में मर्ग कायम कर अज्ञात महिला का पतासाजी कर शिनाख्तगी का प्रयास किया जा रहा था। जांच के दौरान ▶▶| शेष पेज 10 पर



#### कार्रवाई में इनकी रही भूमिका

कार्रवाई में डीएसपी गीतिका साहू के अलावा बकावण्ड थाना में पदस्थ एएसआई मधुसुदन ठाकुर, प्रधान आरक्षक नकुल कश्यप, मोहन कश्यप, करपावण्ड थाना प्रभारी भोज गुप्ता, बस्तर थाना प्रभारी विकेश तिवारी, सायबर सेल के एसआई अमित सिदार व आरक्षक भूपेन्द्र नेताम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

#### शादी के लिए दबाव व पुलिस में शिकायत की धमकी के बाद हत्या

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि मृतिका के साथ उसका प्रेम संबंध था। काम के दौरान दोनों में प्यार हुआ और दोनों जुनावनी के जंगल में मिलते थे। जिस जंगल में मिलते थे वहीं प्रेमिका को मौत के घाट उतार दिया। आरोपी के मुताबिक मृतिका लगातार शादी करने के लिए कहते हुए वीडियो रिकॉर्डिंग द्वारा थाना जाने की धमकी देकर दबाव बना रही थी। गिरफ्तार आरोपी पूर्व से विवाहित है इसलिए प्रेमिका को रास्ते से हटाने के लिए उसकी गला घोंटकर हत्या कर दी।

## हथियार छोड़कर भागे नक्सली भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

■ ग्राम कनपरराजू मेट्टा के जंगल पहाड़ी के पास हुई फायरिंग

सीआरपीएफ 50वीं वाहिनी एवं जिला बल की संयुक्त कार्रवाई में आज सुबह नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में सुरक्षा बलों को कामयाबी मिली है। अ ल ग - अलग कैम्पों एलारमड़गू, कोलाईगुड़ा एवं डब्बाकोन्टा से ए प्लस, सी प्लस, ई 50वीं वाहिनी सीआरपीएफ की नक्सल अभियान के लिए थाना भेज्जी के क्षेत्रान्तर्गत ग्राम कोसनपारा, कनपराजू मेट्टा व आसपास जंगल क्षेत्र की ओर रवाना हुए थे। अभियान के दौरान सुरक्षा बलों द्वारा जंगल-झाड़ियों की सर्चिंग करते ▶▶| शेष पेज 10 पर

#### ये सामाग्री मिली

घटनास्थल की गहन सर्चिंग करने पर बोल्ट एक्शन रायफल 1, सिंगल शार्ट रायफल 1 , देशी कट्टा 1 , ग्रेनेड 2, एके- 47 मैग्जीन 3 , बीजीएल सेल-4, डेटोनेटर-4 , एके-47 का राउण्ड -19 , एसएलआर 7.62 का राउण्ड -18 , इन्सास 5.56 खाली केश- 4 , जिलेटिन स्टीक 1 , कॉडेक्स वायर 3 मीटर, वर्दी- 2 , पोच 2 , लोहे का स्पाईक 30, लकड़ी का स्पाईक 20, बिजली तार 10 मीटर एवं अन्य नक्सली सामान बरामद किया गया।

## 16 चौकों के सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव ठंडे बस्ते में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर संभागीय स्थित जगदलपुर चौकों का शहर है। शहर के 16 चौकों का सौंदर्यीकरण एवं रोड सेफ्टी उपकरण कार्य के लिए योजना पर 4 वर्ष पूर्व लोक निर्माण विभाग के एसडीओ और उपयंत्री ने सर्वे कर प्रस्ताव बनाया। इसकी लागत करोड़ों रुपए बताई गई थी। इस प्रस्ताव को मुख्यालय के भेजा गया था। मुख्यालय ने अब तक स्वीकृति नहीं देने से योजना ठंडे बस्ते में चली गई। प्रस्तावित चौकों में संजय मार्केट चौक, सिराहसार चौक, गुरूनानक चौक, चांदनी चौक, कोर्ट तिराहा चौक, अनुपमा चौक, बोधघाट चौक, बस स्टेशन चौक, अतिथि होटल चौक, ▶▶| शेष पेज 10 पर



#### स्वीकृति का इंतजार

लोक निर्माण विभाग उत्तर बस्तर संभाग क्रमांक-एक के कार्यपालन अभियंता एके सिंह ने बताया कि मुख्यालय से स्वीकृति के बाद चौकों का सौंदर्यीकरण किया जाएगा।

### केबल बिछने से बरसों तक जरुरत नहीं होगी रख-रखाव

## बिजली चोरी रोकने ग्रामीण क्षेत्र की लाइन में हो रही केबलिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ विद्युत लाइन के स्मार्ट ट्रांसफार्मर व डीपी का भी होगा बदलाव

विद्युत कंपनी की ओर से शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में हो रहे बिजली चोरी को रोकने के लिए केबल लगाया जा रहा है, जो बस्तर संभाग के बस्तर, सुकमा एवं बीजापुर जिले जोर-शोर किया जा रहा है। इससे तारों, पोल के जंजाल से मुक्त किए जाने का प्लान है, बिजली चोरी पर पूरी तरह से लगाम कसी जा सकेगी। केबल होगा तो बिजली चोरी करना संभव नहीं होगी। इसके अलावा बगैर चोरी होने वाला लाइन लॉस भी नहीं हो सकेगा। केबल लगने के बाद बिजली के स्मार्ट मीटर भी लगेगा, जिससे उपभोक्ताओं को रिचार्ज से बिजली मिल सकेगी। साथ ही केबल बिछने के बाद भी बरसों तक रख-रखाव की जरूरत नहीं होगी। इसके अलावा ट्रांसफॉर्मर और डीपी को धीरे-धीरे स्मार्ट ट्रांसफॉर्मर से बदला जा रहा है, कम जगह में ज्यादा किफायती सिस्टम स्थापित कर किए जा रहे हैं, इनके रख-रखाव की जरूरत भी नहीं होती।



#### ठेकेदार को दिए निर्देश

विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक एसके ठाकुर ने बताया कि विद्युत लाइन में केबल लगाने से बिजली चोरी रोकने एवं लाइन लास कम करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए संबंधित ठेकेदार को कार्य समय पर पूरा करने का निर्देश दिया गया है।


### पाठक सूचना

**हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124




## पैरामेडिकल पाठ्यक्रम में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित

**NSDC पैरामेडिकल संस्थान रायपुर (छ.ग.). NSDC-SID केन्द्र क्रमांक - TC210200**

निम्न तालिका अनुसार छ.ग. के विभिन्न जिलों में **कक्षा 12वीं (बायोलॉजी)** के प्राप्तांको के अनुसार संस्था द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल पाठ्यक्रम (2024-25) में प्रवेश, नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉपोरेशन (मिनिस्ट्री ऑफ स्किल डेवलपमेंट, भारत सरकार का उपक्रम) हेतु आवेदन आमंत्रित।

**(उपलब्ध एवं प्रस्तावित प्रशिक्षण केंद्र एवं काउंसिलिंग सेंटर एवं कुल सीटें)**

| प्रशिक्षण केंद्र एवं काउंसिलिंग सेंटर का नाम | मेडिकल लैब टेक्नीशियन | ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन | इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन (EMT) | बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता (MPHW) |
|---|---|---|---|---|
| रायपुर | 60 | 60 | 30 | 30 |
| बिलासपुर | 60 | 60 | 30 | 30 |
| मुंगेली | 60 | 60 | 30 | 30 |
| जांजगीर-चांपा | 60 | 60 | 30 | 30 |
| रायगढ़ | 60 | 60 | 30 | 30 |
| अम्बिकापुर | 60 | 60 | 30 | 30 |
| कांकेर | 60 | 60 | 30 | 30 |
| कोंडागाँव | 60 | 60 | 30 | 30 |
| जगदलपुर | 60 | 60 | 30 | 30 |
| बीजापुर | 60 | 60 | 30 | 30 |
| सुकमा | 60 | 60 | 30 | 30 |
| नारायणपुर | 60 | 60 | 30 | 30 |

आवेदन हेतु 12वीं कक्षा (बायोलॉजी) से न्यूनतम प्रतिशत अनु. जाति हेतु 45%, अनु. जनजाति 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 50%, सामान्य वर्ग 55% या अधिक विकलांग सैनिक / स्व. संग्राम सेनानी वर्ग के उम्मीदवारों हेतु निर्धारित सीटें आरक्षित है।

**नोट :-**

1. आवेदक, निम्न दिए गए आवेदन पत्र के प्रारूप को कम्प्यूटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट भरें। साथ ही 25 रूपए का डाक टिकट लगा हुआ 10x4 का सफेद लिफाफे में अपना स्वयं का पता स्पष्ट लिखकर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजें। (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक एक ही स्वीकार किया जाएगा)
2. जो विद्यार्थी सत्र 2024 में 12वीं उत्तीर्ण किए हैं वह विद्यार्थी इन्टरनेट कम्प्यूटर प्रिंट कराकर छायाप्रति संलग्न कर सकता है।
3. चयनित उम्मीदवारों को फोन अथवा कॉल लेटर द्वारा काउंसिलिंग हेतु सूचित किया जाएगा।
4. केवल आवेदक ही काउंसिलिंग हेतु पात्र होंगे।
5. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते हैं।

**आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि: 20/07/2024 तक**

**कार्यालय का पता :- NSDC पैरामेडिकल संस्थान, महादेव घाट रोड, (रायपुरा) रायपुर (छ.ग.) पिन - 492013**

**प्रति,**
**संचालक**
NSDC **पैरामेडिकल संस्थान**
**महादेव घाट रोड, (रायपुरा) रायपुर (छ.ग.) पिन - 492013**

पासपोर्ट साइज फोटो

महोदय,

........................................(पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रहा / रही हूँ।

1. आवेदक का नाम........................................
2. पिता/पति का नाम........................................
3. जन्म तिथि अंकों में........................................
4. अनु. जाति/ अनु जनजाति / पिछड़ा वर्ग ........................................
5. पत्र व्यवहार का पता पिन कोड सहित........................................
1. मो........................2. मो........................व्हाट्सएप नंबर........................
6. शैक्षणिक योग्यता,........................................

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |
| 3 | | | | | |

**कार्यालय संचालक, NSDC पैरामेडिकल संस्थान रायपुर (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप

### कौशल विकास प्रशिक्षण अतिथि प्रशिक्षकों के लिए वॉक-इन इंटरव्यू

**कोण्डागांव।** जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी कोण्डागांव में विभिन्न कोर्स में कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए अंशकालीन पूर्णतः अस्थायी कुशल अतिथि प्रशिक्षकों का चयन किया जाएगा। इसके लिए वॉक–इन–इंटरव्यू का आयोजन 28 जून को किया गया है। इस इंटरव्यू के माध्यम से प्रशिक्षकों को चयनित कर, उन्हें विभिन्न कोर्स के लिए प्रशिक्षण देने का मौका मिलेगा। यह आयोजन जिले के युवाओं के कौशल विकास और रोजगार के अवसरों को बढ़ाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। इच्छुक और योग्य उम्मीदवार इस इंटरव्यू में शामिल होकर अपने कौशल और अनुभव का प्रदर्शन कर सकते हैं। चयन से संबंधित अधिक जानकारी और आवश्यक दस्तावेजों की सूची के लिए जिले की वेबसाइट पर और कार्यलय की सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

### सोलरपंप और सार्वजनिक शौचालय के पास फैली गंदगी



**नगरी।** नगरी विकासखंड की ग्राम पंचायत पोडागांव में स्वच्छ भारत मिशन का पालन नहीं किया जा रहा है। सोलर टंकी के पास नल-जल कनेक्शन से निकलने वाला पानी व्यर्थ बह रहा है। सोख्ता गड्ढा नहीं होने के कारण पानी सोलर टंकी के साथ- साथ सार्वजनिक शौचालय के सामने जमा हो गया है। इससे दलदल की स्थिति बन गई है। नाली की साफ सफाई नहीं होने से वह पूरी तरह मिट्टी से पट चुकी है। पेयजल टंकी के आसपास, शौचालय एवं विभिन्न स्थानों की साफ-सफाई नहीं होने से स्वच्छ भारत मिशन का उद्देश्य पूरा नहीं हो पा रहा है। दलदल भरे पानी में मच्छर पनप रहे हैं। मोहल्लेवासियों ने बताया कि इसके बारे में कई बार ग्राम पंचायत को अवगत करा चुके हैं। उसके बाद भी इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### गुरुदेव की शरण में जाने से सभी कष्ट दूर होंगे



**धमतरी।** श्री प्रेमप्रकाश मंडलाचार्य सद्गुरु स्वामी टेऊंराम महाराज के 138 वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित चालीहा महोत्सव के 17 वें दिन किसी गुप्त गुरु भक्त परिवार ने पूजा एवं प्रसाद सामग्री भेजी। इस दौरान भक्तों के मध्य अंत्याक्षरी कार्यक्रम भी हुआ। सत्संग सभा में संत लोकेश ने कहा कि अगर आनंद की आशा है तो अपने गुरुदेव की शरण में जाकर आत्मदेव का अभय ज्ञान प्राप्त करो। इससे सभी प्रकार के कष्ट समाप्त हो जायेंगे। आगे कहा कि जिस काम के लिए तुम्हारा जन्म हुआ है । उस काम को करने के लिए तुरन्त जुट जाओ क्योंकि काल का बाजा तुम्हारे सिर पर निरंतर बज रहा है। सांस खत्म हो रही है। मौत की निकटता बढ़ती जा रही है। हरि से मिलने के लिए तुरंत आलस्य को छोड़कर गुरु के नाम का जाप करो। अटल विश्वास से हरि का ध्यान करो।

### केंद्रीय राज्य मंत्री का हुआ जोशीला स्वागत

**कुरूद।** तहसील साहू समाज कुरूद द्वारा नगर के सांधा चौक में कांकेर प्रवास पर निकले केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू का प्रथम कुरूद आगमन पर गुलदस्ता भेंट एवं फूल माला पहनाकर मां कर्मा माता के जयकारे लगाते हुए जोशीला स्वागत किया गया। मंगलवार को दोपहर ढाई बजे प्रदेश साहू समाज उपाध्यक्ष मालकराम साहू की अगुवाई में नगर एवं तहसील साहू समाज के पदाधिकारियों ने केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू को कांकेर प्रवास के दौरान सांधा चौक में पटाखे फोड़कर एवं जयकारा लगाते हुए पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया।

# शत- प्रतिशत किसानों को दें किसान क्रेडिट कार्ड का लाभ, शनिवार- रविवार को खुली रखें समितियां

## सहकारिता विभाग की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने शुक्रवार को सहकारिता विभाग की बैठक में सभी किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड का लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए। कलेक्टोरेट के भूतल में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने कहा कि कृषि विभाग तथा सहकारिता विभाग के प्रयासों से कोंडागांव जिला शत–प्रतिशत किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड प्रदान करने के लक्ष्य के अत्यंत निकट है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें और इस लक्ष्य को अवश्य प्राप्त करें। उन्होंने समितियों के माध्यम से उद्यानिकी फसलों के लिए भी किसान क्रेडिट कार्ड के तहत अल्पकालीन ऋण की सुविधा प्रदान करने के निर्देश भी दिए।



### खाद- बीज की उपलब्धता बनाए रखने के दिए निर्देश

कलेक्टर ने इसके साथ ही किसानों को खाद–बीज की उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश देते हुए कहा कि उठाव की जानकारी तत्काल अद्यतन करें, जिससे आपूर्ति निश्चित समय पर की जा सके। उन्होंने कहा कि मांग किए जाने पर दो दिन के भीतर खाद–बीज की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने शनिवार और रविवार को भी समितियों को खुला रखते हुए किसानों को आवश्यक सेवाएं प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों के साथ मधुर व्यवहार रखने के साथ ही सही जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही खाद–बीज की कालाबाजारी पर भी नजर रखने के निर्देश दिए।

### इनकी रही उपस्थिति

बैठक में जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी केएस ध्रुव, अतिरिक्त संचालक रजा, जिले के नोडल अधिकारी संत कुमार कनौजिया सहित सहकारी बैंकों के शाखा प्रबंधक तथा समिति प्रबंधक उपस्थित थे।

## दिवस : माकड़ी में निकला सिकलसेल एनीमिया जागरुकता प्रचार वाहन

# विवाह पूर्व कुंडली मिलान के साथ-साथ कराएं वर वधू का सिकलसेल टेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

विश्व सिकलसेल दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माकड़ी के विभिन्न ग्रामों में सिकलसेल एनीमिया जागरुकता के लिए प्रचार वाहन को विकासखंड चिकित्सा अधिकारी देवेश घरत ने रवाना किया। एनीमिया जागरुकता के तहत जांच भी तेज कर दी गई है।

■ विवाह पूर्व सिकलसेल टेस्ट कराने की दी गई सलाह

विकासखंड के विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए मरीजों की जांच कर उन्हें विवाह के पूर्व सिकलसेल जांच करने की सलाह दी गई। जांच प्रदेश के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में निशुल्क की जा रही है। सिकलसेल एनीमिया से खून की कमी, थकावट व सांस फूलना, पेट में सूजन, सिर दर्द व तेज बुखार जैसे लक्षण दिखाई देते हैं, तो नजदीकी स्वास्थय केन्द्र में जाकर सिकल सेल जांच अवश्य कराएं।



### माकड़ी में 97 फीसदी जांच पूर्ण

कोण्डागांव जिले के विकासखंड माकड़ी में 97 प्रतिशत से ज्यादा जांच की जा चुकी है। पॉजिटिव पाए गए मरीजों को उपचार किया जा रहा है । फोलिक एसिड टेबलेट और ब्लड बैंक के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया जा रहा है।

### ये रहे मौजूद

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉ. देवेश घरथ, डॉ. राकेश साहू, डॉ. समीर लकडा के साथ ही डॉ. विजया नवरंगे, डॉ. सतीश नायक, बीपीएम प्रियंका सोम बीटीओ साना के साथ ही सभी स्टाफ उपस्थित थे।

### बड़े कनेरा में किया गया 60 लोगों का टेस्ट, 10 मिले सिकलसेल पॉजिटिव

जिले के बड़े कनेरा जिला में आयुष्मान आरोग्य मंदिर में राष्ट्रीय सिकलसेल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर लोगों को सिकल सेल रोग के बारे जागरूक किया गया। सिकलसेल रोग एक अनुवांशिक बीमारी है। जिसमें



रक्त में उपस्थित लाल रक्त कणिकाएं हंसिए के आकार की हो जाती हैं जिससे पर्याप्त मात्र में आक्सीजन को ले जाने में सक्षम नहीं होती हैं। जिससे शरीर में कई प्रकार की परेशानी होती है। और नया रक्त कोशिकाएं भी नहीं बन पाती हैं। जिससे हमेशा रक्त की कमी बनी रहती है। इसी स्थिति को सिकल सेल एनीमिया कहते हैं। यह रोग हमारे छत्तीसगढ में बहुत ही अधिक संख्या में हैं। कैसे इस रोग के प्रसार को कम किया जा सकता है। और विवाह से पहले मेडिकल काउंसलिंग क्यों आवश्यक है। इस बारे में लोगों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर 60 लोगों का सिकलिंग जांच की गई, 10 पॉजिटिव पाए गए। साथ ही सिकलसेल कार्ड का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र की सभी मितानिन और बहुत अधिक संख्या में महिलाएं भी उपस्थित रहीं।

## राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में 6 स्वर्ण, 2 रजत व 4 कांस्य पदक जीते



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

भिलाई में 24 वीं राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 15 से 17 जून तक किया गया। छतीसगढ़ के 350 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में आईटीबीपी जूडो कोचिंग कैम्प कोडागांव से 12 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इन खिलाड़ियों ने 6 स्वर्ण, 2 रजत एवं 4 कांस्य पदक जीते हैं।

■ कोण्डागाव के खिलाड़ियों ने भिलाई में लगाई पदकों की झड़ी

सब जूनियर में स्वर्ण पदक 28 किलोग्राम में लिलेश्वरी, 36 किलोग्राम में ममता व रजत पदक 48 किलोग्राम चन्द्रप्रभा ठाकुर, 66 किलोग्राम मयंक खाडेकर ने जीता। कांस्य पदक 30 किलोग्राम वेदान्त ठाकुर, 40 किलोग्राम विशिष्ठिका व 52 किलोग्राम में लेखा नेताम ने जीता। जूनियर वर्ग में स्वर्ण पदक 48 किलोग्राम गीता हिडको एवं 55 किलोग्राम में काधिर हुसने, 60 किलोग्राम अनिल गोठा व सीनियर वर्ग में स्वर्ण पदक 66 किलोग्राम प्रदीप बघेल व कास्य पदक 48 किलोग्राम शिवानी नेताम ने प्राप्त किया। सभी खिलाड़ी विगत कई वर्षो से भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल के प्रशिक्षक उदय सिहं यादव व नारायण सोरेन से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इस उपलब्धि पर राणा युद्धवीर सिंह, उप महानिरीक्षक एवं नरेन्द्र सिहं सेनानी 41 वी. वाहिनी, भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल, कोण्डागावं द्वारा सभी खिलाड़ियों व प्रशिक्षकों को शुभकामनाएं। निरन्तर इसी प्रकार प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

## कलेक्टर व एसपी ने बस दुर्घटना में घायल यात्रियों से मुलाकात कर जाना हालचाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने मांझी आंठगांव के निकट हुई बस दुर्घटना में घायल मरीज से मिलने कोण्डागांव जिला अस्पताल पहुंचे और उनका हाल चाल लिया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार भी उनके साथ मौजूद थे।

■ मांझी आंठगांव के निकट हुई बस दुर्घटना

कलेक्टर ने बस दुर्घटना में घायल बहीगांव निवासी सूरज मरकाम से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। उन्होंने मरीज को बेहतर चिकित्सा प्रदान करने के लिए जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. आरसी ठाकुर को निर्देशित किया। इसके साथ ही दुर्घटना में शामिल अन्य मरीजों के उपचार के संबंध में भी जानकारी ली। डॉ. ठाकुर ने बताया कि दुर्घटना में शामिल 3 मरीजों को यहां उपचार के लिए लाया गया था, जिनमें दो मरीजों को उपचार के उपरांत डिस्चार्ज कर दिया गया है।

## सामुदायिक भवन का लोकार्पण, कर्मा माता की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नगरी

तहसील साहू समाज नगरी सिहावा के मावली परिक्षेत्र के साल्हेटोला में नवनिर्मित कर्मा सामुदायिक भवन का लोकार्पण एवं भक्ति माता कर्मा की प्राण-प्रतिष्ठा की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आशाराम नेताम विधायक कांकेर विधानसभा क्षेत्र थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता काज राम साहू अध्यक्ष परिक्षेत्रीय साहू समाज मावलीपारा, संरक्षक प्रदीप साहू ने की। विशेष अतिथि भोजराज नाग नवनिर्वाचित सांसद कांकेर लोकसभा क्षेत्र, शिशुपाल सोरी पूर्व विधायक एवं संसदीय सचिव, अवनेंद्र अध्यक्ष जिला साहू संघ धमतरी, पुनीतराम साहू संरक्षक, कंवलराम साहू अध्यक्ष तहसील साहू समाज नगरी सिहावा, भुनेश्वरी साहू उपाध्यक्ष तहसील साहू समाज नगरी, संजुलता नेताम



अध्यक्ष जनपद पंचायत नरहरपुर, संजू गोपाल साहू उपाध्यक्ष जनपद पंचायत नरहरपुर, श्रीमती तारा ठाकुर जिला पंचायत सदस्य कांकेर, हीरा मरकाम, पुरुषोत्तम नाग, पुरुषोत्तम पाटिल, राजेंद्र भास्कर, दयाराम भास्कर, गैंटूराम मंडावी, मनीराम साहू, त्रिभुवन लाल साहू, तुलसी साहू, गणेशराम गंगबेर, अनिरुद्ध साहू अध्यक्ष संचालक मंडल, जीतू साहू मीडिया प्रभारी, अंगेश हिरवानी अध्यक्ष परिक्षेत्रीय घठुला, भूपत कुमार साहू बिरगुड़ी, दिनेश साहू नगरी की उपस्थिति में भवन का लोकार्पण एवं 15 लाख से बनने वाले शेड निर्माण का भूमिपूजन हुआ। भक्तिन माता कर्मा की मूर्ति प्राण- प्रतिष्ठा पूजा-अर्चना कर की गई। इस अवसर पर अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज से बढ़कर कोई नहीं है। समाज के संगठन को मजबूत कर हमारी पूर्वजों द्वारा धरोहर के रूप दी गई इस परंपरा व संकृति को बचाए रखना है ताकि आने वाली हमारी पीढ़ी सुरक्षित व संस्कारवान बने। इससे पूर्व अतिथियों का स्वागत मावलीपारा परिक्षेत्र के लोकनाथ साहू, रोमलाल साहू, शिवप्रसाद साहू, चुम्मनलाल साहू, अयतुराम साहू, भूपेंद्र साहू, चंद्रभान साहू, रेखराम साहू, दसरूराम साहू , दशरथ साहू, श्रीमती गायत्री महमल्ला, महेश्वरी साहू, ममता साहू, सरोज साहू, दिनेश्वरी साहू ने किया। इस अवसर पर समाजजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## रीजन हैंडबॉल स्पर्धा की तैयारी में जुटे खिलाड़ी

**धमतरी।** अगले माह महासमुंद में प्रस्तावित रायपुर रीजन की हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए केन्द्रीय स्कूल धमतरी के खिलाड़ी तैयारी में जुटे हैं। प्राचार्य गिरीश बाबू कुस्तवार के निर्देशन में खेल शिक्षक शैलेन्द्र पांडेय, कोच अजय नेताम के मार्गदर्शन में खिलाड़ी रोजाना सुबह हैंडबॉल की तैयारी कर रहे हैं। केन्द्रीय स्कूल के खिलाड़ी येयांश नाग, विनय कुमार, हर्ष कुमार, मयंक,



प्रीतेश, रणवीर, देबाशीष, निखिल कुमार, सोहम, रूद्रांश, आदित्य, प्रवेश कुमार प्रस्तावित टूर्नामेंट के लिए मेहनत कर रहे हैं।

## सरपंच, सचिव व सहायक सचिव की मनमानी से ग्रामीणों में रोष

# हितग्राही को पता नहीं और कागजों में कर दिया डबरी निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/नगरनार

बकावण्ड ब्लाक के टलनार पंचायत में जिम्मेदारों ने गड़बड़ी करते हुए डबरी निर्माण की राशि का बंदरबाट कर दिया। जिस हितग्राही के नाम से डबरी निर्माण के लिए राशि स्वीकृत हुई थी उसे पता ही नहीं है और राशि का आहरण फर्जी मस्टररोल भरकर आहरण कर लिया गया।

■ बकावण्ड ब्लाक के टलनार पंचायत का मामला

जानकारी के मुताबिक टलनार में हितग्राही संजय कुमार के नाम से डबरी निर्माण स्वीकृत थी। संजय ने बताया कि उसे इसकी जानकारी नहीं दी गई और किसी दूसरे के नाम से फर्जी मस्टर रोल भरकर राशि का आहरण कर बंदरबाट कर लिया गया। इसमें सहायक सचिव लखबंदु, पंचायत सचिव भोला व सरपंच की भूमिका संदेहास्पद है जिसकी जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। उसने बताया कि योजना की पूरी राशि फर्जी मस्टर रोल भरकर और फर्जी बिल देकर जिम्मेदारों ने हड़प ली है। बताया जा रहा है कि टलनार पंचायत में यह पहला मामला नहीं है और भी कृषकों के नाम से स्वीकृत राशि का बंदरबाट किया गया है। जिसकी जांच होने पर खुलासा हो सकेगा। जानकारी के मुताबिक रोजगार गारंटी योजना के तहत गांव का भूजल स्तर बढ़ाने व फसलों की सिंचाई के लिए कई किसानों के नाम से डबरी निर्माण स्वीकृत हुआ था लेकिन सारे डबरी कागजों में ही निर्माण कर दिया गया है। इस सबंध में पंचायत सचिव भोला से उनका पक्ष जानने कॉल किया गया लेकिन उन्होंने व सरपंच ने कॉल रिसीव नहीं किया। बहरहाल पूरे मामले की जांच होने पर लाखों रूपए के घोटाले का खुलासा हो सकेगा। जब पंचायत के जिम्मेदारों द्वारा इस तरह के भ्रष्टाचार करने की बात उजागर हुई तब से ग्रामीणों में रोष देखा जा रहा है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत कलेक्टर व जिला पंचायत सीईओ से करने की बात कही है।



## पेज 9 के शेष

### एक सब इंजीनियर ...

के कार्यों के साथ साथ आरआरपी के भी करोड़ों के कार्य की मानिटरिंग उक्त उप अभियंता के हाथों में है। बताया जाता है कि सुकमा लोनिवि में पूर्णकालिक एसडीओ भी पदस्थ है। बावजूद इसके एक उप अभियंता को अरबों के कार्य देना व्यवस्था पर सवाल खड़ा करता है।
मामला गंभीर, सब कुछ जल्द करेंगे ठीकः टेकामः कोन्टा में पदस्थ सूर्यवंशी की कार्यप्रणाली को लेकर अधीक्षण अभियंता डीएल टेकाम ने कहा कि इस तरह की व्यवस्था किसके समय हुई ये जांच का विषय है। लेकिन जल्द ही कार्यपालन अभियंता की नियुक्ति उपरांत व्यवस्था को ठीक कर लिया जाएगा।

### काम के दौरान...

पता लगा कि अज्ञात महिला शहर के सरदार बल्लभ भाई पटेल वार्ड की रहने वाली है जिसके गुम होने की रिपोर्ट बोधघाट थाने में दर्ज कराया गया था। महिला के परिजनों के मुताबिक अज्ञात मृतक महिला का नाम शांति बघेल पति लकीराम बघेल निवासी सरदार वल्लभ भाई पटेल की रहने वाली है। जो 29 मई से घर से बाहर थी और उसकी पतासाजी की जा रही थी। जांच में पता लगा कि संदिग्ध आरोपी मोहन भक्तो के साथ उसका प्रेम संबंध था। वहीं पीएम रिपोर्ट में भी महिला का गला घोटने से मृत्यु होना पाया गया था। जिसके बाद हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही थी। इस बीच आरोपी के जयपुर ओडिशा में होने का पता लगा जिसके बाद टीम द्वारा मिले मोबाइल लोकेशन से आरोपी मोहन भक्तो को घेराबंदी कर पकड़ जगदलपुर लाया गया। आरोपी के कब्जे से घटना के दिन प्रयुक्त मोबाइल के अलावा बाइक क्रमांक सीजी 17 केएम 6781, काले रंग का पेन्ट व सफेद रंग का गमछा केन्दुगुड़ा ओडिशा में आरोपी के कब्जे से बरामद किया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया।

### हथियार छोड़कर ....

हुए आगे बढ़ रहे थे । प्रातः सवा 6 बजे ग्राम कनपरराजू मेट्टा के जंगल पहाड़ी के पास नक्सलियों द्वारा घात लगाकर सुरक्षाबलों पर जान से मारने व हथियार लूटने की नीयत से अत्यंत आधुनिक हथियारों से फायरिंग की। सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्रवाई की। सुरक्षा बलों के बढ़ते दबाव व अपने आप को घिरता हुआ देखकर नक्सली जंगल पहाड़ी का आड़ लेकर भाग गए। मुठभेड़ लगभग 15-20 मिनट तक चली।

### 16 चौकों के ...

बोधघाट चौक अवंतिका कालोनी, गोलबाजार चौक, शहीद पार्क चौक शामिल है। नागरिकों ने बताया कि चौकों का सौंदर्यीकरण होने से शहर सुंदर हो जाएगा, पर किसी का ध्यान नहीं है।

## खबर संक्षेप

### टीएलएम बुक में बस्तर से सईदा को मिला स्थान



**भोंड।** विकासखंड बस्तर के शासकीय हाई स्कूल की व्याख्याता सईदा खान जो कि वर्तमान में प्रभारी प्राचार्य के दायित्व का निर्वहन कर रही हैं। इनके टीएलएम को भी राज्य स्तरीय टीएलएम बुक में स्थान प्राप्त हुआ।

### किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त का हस्तांतरण



**बीजापुर।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 18 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा 17वीं किस्त जारी किया गया। जिसमें जिले के 15498 कृषकों के खाते में 3.33 करोड़ रुपए से अधिक राशि का हस्तांतरण किया गया। कृषि विभाग एवं कृषि विज्ञान केंद्र के संयुक्त तत्वाधान में 18 जून को कृषि विज्ञान केंद्र में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत पीएम किसान दिवस उत्सव मनाया गया। जिसमें कलेक्टर अनुराग पांडेय ने जिले के किसानों को उन्नत तकनीक से कृषि उत्पादन को बढ़ाने एवं कृषि से संबंधित शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ लेने समझाईश दी।
इस दौरान एसडीएम बीजापुर जागेश्वर कौशल, सहायक संचालक कृषि उग्रेश देवांगन, कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख अरुण सकनी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी ललित कुमार झाड़ी, कार्यक्रम सहायक अरविंद ओयाम, प्रक्षेत्र प्रबंधक दिनेश मरापी एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी तथा जिले के 103 कृषक उपस्थित थे।

### सर्वसम्मति से डॉ व्ही. एस राजपूत बने अध्यक्ष

**बस्तर।** स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बस्तर में शासन के निर्देशानुसार एसएम डीसी गठन हेतु पालक गणों की बैठक आयोजित की गई। बैठक का संचालन संस्था के प्राचार्य मनोज सिंग की दिशा निर्देशों में किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से एसएमडीसी अध्यक्ष पद पर डॉ. वीएस राजपुत का चयन किया गया, सचिव मनोज सिंग प्राचार्य, सदस्य केपी यादव, बी श्रीनिवास राव, नित्या तिवारी, भार्गव पाण्डेय, नरसिंग नागेश, प्रेरणा शुक्ला, सैलिना सेमसन, सूर्यप्रकाश मिश्रा, नरेन्द्र जोशी, रमेश ठाकुर, भृगु तिवारी, सुशील तिवारी सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी, अनुप तिवारी, सुश्री पूजा श्रीवास्तव आदि का चयन किया गया। उक्त बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में मनीराम कश्यप अध्यक्ष जिला पंचायत शिक्षा समिति एवं समस्त शिक्षणगण उपस्थित रहे।



## कोई नया घर बनाने तो काई खेती किसानी में खर्च करने की कर रहा है बात

# नगद भुगतान की घोषणा ने संग्राहकों के चेहरे पर लाई मुस्कान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

बस्तर में तेंदूपत्ता आदिवासी समुदाय के आय का प्रमुख जरिया है। भले ही 10 से 15 दिनों के भीतर हरे सोने का कार्य होता हो लेकिन मूल्य वृद्धि व नगदीकरण के बाद प्रत्येक आदिवासी संग्राहकों के चेहरे पर मुस्कान ला दिया है। वही प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व वनमंत्री केदार कश्यप के एक फैसले ने हजारों संग्राहकों को एक बड़ी सौगात दे दिया है। सुकमा जिले में सर्वाधिक नगदीकरण का लाभ किष्टाराम समिति को मिलेगा जहां 27 सौ 71 संग्राहकों को चार करोड़ 82 लाख रूपये नगद प्रदाय किया जावेगा।

■ तेंदूपत्ता संग्रहण से कई आदिवासी परिवार बने लखपति

विधानसभा चुनाव के दौरान घोषणा पत्र में भाजपा द्वारा किये गये वादों में से एक तेंदूपत्ता दर 5500 रूपये मानक बोरा दिये जायेंगे। वही सरकार बनने के बाद प्रदेश कें मुख्यमंत्री व वनमंत्री केदार कश्यप ने तत्परता दिखाते हुए 5500 की दर पर तेंदूपत्ता खरीदी कर नया कीर्तिमान दर्ज कर लिया। एक अकेले सुकमा वनमंडल में 77 करोड़ रूपये संग्राहकों को उनकी मेहनताना के रूप में दिये जाने है। जबकि संपूर्ण बस्तर संभाग के अन्य दो जिलों मे भी इसका अच्छा खासा असर देखा गया है।





### सबसे ज्यादा राशि लेने वाला परिवार

जिला मुख्यालय से करीब 15 किमी दूर स्थित गिरदाल पारा जहां करीब 300 घरों की बस्ती है। कभी नक्सलियों की हलचल इस इलाके में देखी जाती थी लेकिन आज यहां शासन की योजनाओं का लाभ ग्रामीण ले रहे है। हाल ही में गांव के निवासी सोढ़ी मासा जिनके परिवार में 6 सदस्य है। बेटे व बहु के अलावा दो बेटियां है सभी ने मिलकर इस वर्ष एक सप्ताह के भीतर तेंदूपत्ता की 20 हजार 9 सौ तीस गड्डी तोड़कर रिकार्ड बना दिया। जिसके एवज में उस परिवार को एक लाख 15 हजार की राशि मिलेगी। वन मंडल में सबसे ज्यादा राशि लेने वाला परिवार है।

### अच्छा घर बनाने की तमन्ना हुई पूरी

गिरदालपारा के सोढ़ी मासा कहते है कि उन्होने पिछले साल करीब 90 हजार मिले थे। शासन की योजना काफी अच्छी है इस वर्ष सरकार ने तेंदुपत्ते के दाम बढ़ा दिए है जिसका भी फायदा हम लोगो को मिला है। अभी कुछ महिने हमारा प्रधानमंत्री आवास मिला है, इन पैसो को मिलाकर अच्छा घर बनाऐंगे। ज्ञात हो कि इस साल सभी समितियों को ठेकेदारों ने खरीद लिया था और तेंदुपत्ता खरीदारी के सारे रिकार्ड टूट गए है। जिसका फायदा ग्रामीणों को मिल रहा है।

### नगदीकरण से फॉसले हुए कम

लोकसभा चुनाव के दौरान बीजापुर में आयोजित मुख्यमंत्री की सभा में वनमंत्री केदार क"यप ने संग्राहकों के हित में बड़ा कदम उठाते हुए कहा था कि जिनके बैंक खाते नही है उन्हे तेंदूपत्ता का नगद भुगतान किया जावेगा। वही बस्तर संभाग के सुकमा, बीजापुर, नारायणपुर जिलों में संगाहकों के ग्रामो से बैकों की दुरी 50 से 150 किमी दुर होने के कारण कई तरह के दिक्कतों को सामना करना पड़ सकता था लेकिन सरकार के इस फैसले के बाद ये दुरियां अब चंद कदमों तक सिमट कर रह गई।

### किसी ने कहा विवाह रचायेंगे तो किसी ने कहा खेती करेंगे

नगदीकरण के बाद तीनों जिले में एक अलग सी मुस्कान नजर आने लगी थी। सुकमा जिले के अंतिम छोर पर बसे ग्राम किष्टाराम में नगदीकरण का सर्वाधिक लाभ संग्राहकों को मिलेगा। वही उक्त ग्राम कें वंजाम कोसा ने कहा कि प्रदेश सरकार के फैसले ने हमें बड़ी सौगात मिल गई है। खासकर नगदी पैसा मिलने से इसका पूरा उपयोग खेती किसानी में करेंगे। वही पुसपाल समिति के कोसा पिता हुंगा ने कहा कि हमनें सपने में भी नही सोचा था कि सरकार हमारें हित में इतना बड़ा फैसला लेगी। तेंदूपत्ता सें मिली राशि से वो परिवार में विवाह रचायेंगे।

### किष्टाराम में सबसे ज्यादा तो पड़वारास में सबसे कम होगा भुगतान

रविवार को जारी आदेश के बाद जहां विपक्ष ने भी अपने प्रद"रनों को विराम दे दिया है तो दुसरी ओर सुकमा जिले में सबसे ज्यादा तेंदूपत्ता खरीदी होने के कारण इसका सर्वाधिक लाभ भी इस वनमंडल को मिलना तय है। प्राप्त आंकड़ो के अनुसार छग के अंतिम छोर पर बसा किष्टाराम कें 2771 संग्राहकों को 4 करोड़ 82 लाख रूपये नगद वितरण किये जायेंगे। जबकि इसी ग्राम से सटे गोलापल्ली के 2114 संग्राहकों को 4 करोड़ 43 लाख रूपये नगद प्राप्त होंगे। वही तीसरे क्रम में मिचीगुड़ा के 2368 संग्राहकों को 4 करोड़ 10 लाख रूपये नगद भुगतान किया जावेगा जबकि सबसे कम नगद भुगतान पड़वारास समिति में होगा जहां 1987 संग्राहकों को 1 करोड़ 81 लाख रूपये नगद भुगतान होगा।

## एमआईसी की नई टीम...



*जगदलपुर। महापौर सफीरा साहू ने नई एमआईसी टीम का गठन किया है, जिसमें के.यशवर्धन राव–आवास, पर्यावरण एवं लोक निर्माण, भारती श्रीवास्तव–जलकार्य, नरसिंह राव– स्वास्थ्य एवं चिकित्सा, निर्मल पानीग्राही–बाजार, योगेन्द्र पाण्डे–शिक्षा, दयावती देवांगन–महिला तथा बाल कल्याण, श्वेता बघेल–खाद्य तथा नागरिक आपूर्ति, मानिकराम नाग–पुर्नवास तथा नियोजन, आलोक अवस्थी– राजस्व एवं नेहा ध्रुव– विधि तथा सामान्य प्रशासन विभाग की जिम्मेदारी दी गई है।*

## 14371 कृषकों को 2.87 करोड़ रुपए डीबीटी के माध्यम से हुआ हस्तांतरित



**गीदम।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत 17 वीं किस्त प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जारी किया गया। पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 17 वीं किस्त अन्तर्गत 20 हजार करोड़ से अधिक की धनराशि से लगभग 9.26 करोड़ किसान परिवारों को लाभ मिला। इसके साथ ही किसानों के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित किया गया। पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों के खाते में सालाना 6 हजार रूपये दिये जाते हैं। किसानों के खाते में से राशि हर 4 महीने के अंतराल में 3 किस्तों में राशि ट्रांसफर की जाती है और हर किस्त में 2000 रूपये दिये जाते हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ लेने के लिये ई केवाईसी, लैण्ड सीडिंग और आधार सीडिंग होना अनिवार्य है। इस योजना का लाभ लेने के लिये किसानों के पास आधार कार्ड, बैंक खाता होना अनिवार्य है। 17 वीं किस्त जारी होने के दिन को पीएम किसान उत्सव दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है। जिले के लगभग 14371 कृषकों को 2.87 करोड़ रू. राशि जारी किया गया।

## बिना आवेदन दिए कैसे निकला ऋण, खाते से पैसे भी हुए विड्राल, किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम



मंगलवार को पीडब्ल्यूडी रेस्टहाउस में प्रेसवार्ता कर भाजपा युवा मोर्चा जिला महामंत्री बिलाल खान ने जिला सहाकारिता बैक के कर्मचारियों और लेम्पस प्रबंधक पर कई आरोप लागये उन्होंने कहा कि वासम शुक्राबाई 2023 में बिना आवेदन दिए कैसे निकला ऋण, खाते से पैसे भी हुए विड्राल किसान परेशान। अपने खेतों में रात दिन मेहनत कर धान की फसल उगाई थी। कटाई के बाद, छत्तीसगढ़ शासन की धान खरीदी योजना से कुछ आर्थिक लाभ लेने के लिए उन्होंने धान बेचा था. बेचे गए धान के पैसे लेने के लिए शुक्राबाई जब बैंक पहुंचीं तो उन्हें बताया गया कि किसान क्रेडिट कार्ड से जो किसान ऋण उन्होंने लिया था। शुक्राबाई के बेचे गए धान की कीमत उसी ऋण में काट ली गई है। ये जानकारी शुक्राबाई के लिए पूरी तरह नई थी, शुक्राबाई ने तो कभी किसान क्रेडिट कार्ड से ऋण लिया ही नहीं था। इस अजीब समस्या से निजात पाने के लिए उन्होंने अपने स्तर पर पतासाजी में पाया कि लैंप्स के कर्मचारी ने शुक्राबाई के नाम पर किसान क्रेडिट कार्ड से ऋण लेकर पैसे आहरित कर लिए हैं।इसके बाद से शुक्राबाई लगातार इस ऑफिस से उस ऑफिस के चक्कर काट रही हैं. कभी थाने जा रही हैं, कभी तहसील कार्यालय, कभी बैंक जाकर मिन्नतें कर रही हैं। तो कभी कलेक्टर बीजापुर को आवेदन देकर फरियाद की। बीजापुर जिला महामंत्री बिलाल खान ने कहा कि इस तरह का ये सिर्फ एक ही मामला नहीं है कई मामले और हैं जिनमें किसानों को मालूम ही नहीं है कि उनके नाम से सरकारी कर्मचारी ही लोन लेकर पैसे आहरण कर चुके हैं। अगर ये सच है तो मामला बेहद गंभीर है और इस पूरे मामले की जांच कर प्रशासन को छले गए गरीब किसानों को न्याय दिलाने की दिशा में भाजपा युवा मोर्चा काम करेगा। इस मौके पर महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष जया चिड़ेम, गिरजा शंकर तमाड़ी, जीशान खान मौजूद थे।

## मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के जिला संयोजक बने साजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के अखिल भारतीय मार्गदर्शक इंद्रेश कुमार आरएसएस राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य की अनुमति से युवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय संयोजक जनाब खुशीद रजाका साहब एवं प्रांत संयोजक मो. अफजल खान के सहमति से बस्तर संभाग संयोजक जनाब वसीम कच्ची के अनुशंसा से सुकमा जिला संयोजक शेख साजन अली की नियुक्ति की गई है। जिससे समाज सहित सुकमा जिला के अन्य लोगों में हर्ष है। वहीं शेख साजन अली ने जिला संयोजक की नियुक्ति होने से उच्च पदाधिकारी को धन्यवाद देते हुए कहा कि संगठन द्वारा जो भी कार्य दिया जाएगा उसे मन लगाकर करूंगा। उनकी नियुक्ति से सभी तरफ हर्ष का माहौल है। बस्तर संभाग संयोजक वसीम कच्ची ने कहा कि हमें अपेक्षा है कि साजन अली मुस्लिम राष्ट्रीय मंच युवा प्रकोष्ठ द्वारा दिए गये दायित्व का निर्वाहन पूरी मेहनत, ईमानदारी से देश सेवा के लिए करेंगे।

■ अली की नियुक्ति से हर्ष का वातावरण निर्मित

### संगठन को मिलेगी मजबूती

राष्ट्रीय मुस्लिम मंच के द्वारा शेख साजन अली उर्फ रानु को सुकमा जिला संयोजक बनाये जाने पर खुशी जाहिर करते हुए सुकमा जिला भाजपा अप्प संख्यक मोर्चा के अध्यक्ष शेख जावेद, महामंत्री इसराइल खान ने कहा इससे संगठन को और नई मजबुती मिलेगी।

## 50 मरीजों का सिकल सेल जांच, 5 मिले पॉजिटिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नकुलनार




सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुआकोंडा में 19 जून को सिकल सेल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि रामबाबू सिंह गौतम वरिष्ठ भाजपा नेता, कवासी भीमा जनपद सदस्य कुआकोंडा लक्ष्मु राना सरपंच ग्राम पंचायत कुआकोंडा की उपस्तिथि में किया गया। रामबाबू सिंह गौतम एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ. देश दीपक के द्वारा मरीजो, मितानिनों और प्रेरको को सिकल सेल के लक्षण और उसके सम्बद्ध में उपचार के साथ मौसमी बीमारी के बारे में बताया गया तथा सभी को इस बीमारी से जागरूक करने के बारे में कहा गया। मुख्य अतिथि के द्वारा नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य भवन एवं स्टाफ की जानकारी ली गई। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुआकोंडा के कुल 50 मरीजों का सिकल सेल जांच किया गया जिसमें 5 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव पाई गई।

इस कार्यक्रम के पश्चात सिकल सेल कार्ड का वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम में खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. देश दीपक, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक साग्राम सिन्हा, खण्ड विस्तार अधिकारी राजेश बेहरा, अजय शर्मा नेत्र सहायक अधिकारी और समस्त स्टॉफ एवं मितातीन प्रेरक उपस्थित रहे।

## हमारा लक्ष्य एक कदम विकास की ओर: बघेल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड

बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल झारउमरगांव बाजार मेला में पहुंचकर माता गंगादई की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की। उसके पश्चात ग्राम पंचायत घाटलोहंगा में नवनिर्मित पीलाबाई मातागुड़ी का शुभारंभ किया। बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने कहा की बस्तर क्षेत्र में आदिवासी समुदाय की आस्था, संस्कृति और परंपरा का प्रतीक माने जाने वाले देवगुड़ियों और मातागुड़ियों के संरक्षण के साथ जीर्णोद्धार करने हेतु हमारी कांग्रेस सरकार ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाये थे और इसी प्रयास के साथ समूचे विकास हेतु हमने कई देवगुड़ियों का विकास करने का निर्णय लेकर ही बस्तर में देवगुड़ी और मातागुड़ी आदिवासियों की आस्था का प्रतीक है।

बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने कहा की कांग्रेस के सत्ता में आते ही हमने बस्तर संभाग के देवगुड़ियों और मातागुड़ियों सहित प्राचीन स्मारकों के संरक्षण का बीड़ा उठाया। पौने पांच साल तक लगातार इस पर काम होता रहा। नई पीढ़ी के लिए यह समृद्ध परंपरा हमेशा के लिए संरक्षित हो चुकी थी लेकिन वर्तमान सरकार ने आदिवासी बहुल क्षेत्र की इस परम्परा को मिटाने का काम कर रही हैं। इस दौरान गणेशराम बघेल, गोपाल कश्यप, सोनाधर कश्यप, बिगनेश्वर कश्यप, डमरूधर बघेल, मगतुराम कश्यप, धरम सिंह गोयल, सोनसाय कश्यप, जोगेश्वर, विग्ने बघेल, मुनालाल यादव, जितेंद्र तिवारी, चयतु बघेल, अनत राम कश्यप, भोलाराम बघेल, हेमराज कश्यप, उदयनाथ ठाकुर, संतोष कश्यप, शकर बघेल, यमुना तिवारी, गंगा प्रसाद तिवारी, मनीराम बघेल, धनसिंह बघेल, मनोज कुमार कश्यप, गुमेश्वर बघेल एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

**कार्यालय निर्वाचन अधिकारी, मैत्री संघ, जगदलपुर, जिला बस्तर (छ.ग )**

पंजीयन क्रमांक 345 / 63
क्रमांक / चुनाव / 01
दिनांक 17/06/2024

**// चुनाव कार्यक्रम की अधिसूचना //**

प्रति,
सम्मानीय समस्त सदस्यगण,
मैत्री संघ, जगदलपुर ।
प्रिय महोदय,
मैत्री संघ के पदाधिकारियों / कार्यकारिणी सदस्यों का कार्यकाल पूर्ण हो गया है। त्रैवार्षिक चुनाव वर्ष 2024-27 के लिये पदाधिकारियों का चुनाव किया जाना है। मुझे चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है इसलिए मेरे हस्ताक्षर से अधिसूचना जारी किया जाता है।

**चुनाव कार्यक्रम :-**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | प्रारंभिक मतदाता सूची का प्रकाशन | 17 जून 2024 अपरान्ह 3 बजे |
| 2 | मतदाता सूची पर दावा आपत्ति प्रस्तुत करने की तिथि | 18 जून से 19 जून तक अपरांह 4 बजे से संध्या 5 बजे तक |
| 3 | अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन | 19 जून 2024 संध्या 6 बजे |
| 4 | नामांकन पत्र एवं मतदाता सूची प्राप्त करने की तिथि | 20 जून से 21 जून 2024 को 4 बजे से 6 बजे |
| 5 | नामांकन पत्रों की प्रस्तुति करने की अंतिम तिथि | 21 जून 2024 को 4 बजे से 6 बजे , 22 जून 2024 को 4 से 7 बजे |
| 6 | नामांकन पत्रों की जांच एवं वेध नामांकनों की घोषणा | 23 जून 2024 को 6 बजे से 8 बजे |
| 7 | नाम वापस लेने की अंतिम तिथि | 24 जून 2024 को 4 से 6 बजे |
| 8 | प्रत्याशियों की अंतिम सूची का प्रकाशन | 24 जून 2024 संध्या 7 बजे |
| 9 | प्रत्याशियों की चुनाव चिन्ह का वितरण | 24 जून 2024 को संध्या 7 बजे से |
| 10 | यदि आवश्यक हुआ तो चुनाव मतदान | 30 जून 2024 प्रातः 10 बजे से संध्या 4 बजे तक |
| 11 | मतगणना | 30 जून संध्या 5 बजे से निरंतर मतगणना समाप्ति तक |
| 12 | परिणामों की घोषणा | मतगणना समाप्ति के पश्चात |
| 13 | चुनाव स्थल | मैत्री संघ, जगदलपुर |

**चुनाव निम्न पदों हेतु होगा**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. अध्यक्ष | - 01 पद, | 6 साहित्यिक एंव सांस्कृतिक सचिव | - 01 पद |
| 2. उपाध्यक्ष | - 01 पद | 7. क्रीडा सचिव | - 01 पद |
| 3. महा सचिव | - 01 पद | 8. पुस्तकालय सचिव | - 01 पद |
| 4. संयुक्त सचिव | - 02 पद | 9. कार्यकारिणी सदस्य | - 02 पद |
| 5. कोषाध्यक्ष | - 01 पद | 10. अंकेक्षक | - |

**अनिवार्यता:-**
1. नामांकन पत्र शुल्क 1000 /- रूपये मतदाता सूची सहित,
2. चुनाव में भाग लेने व वोट देने का अधिकार उन्ही सदस्यों को होगा जिनका नाम अंतिम मतदाता सूची में प्रकाशित की गई है।
3. चुनाव मे मतदान का अधिकार उन्हीं सदस्यों को होगा जिनके पास वैध परिचय पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस या पासपोर्ट परिचय पत्र होगा । उन्हे त्रैवार्षिक चुनाव 2024-27 में चुनाव अधिकारी के द्वारा मांग किए जाने पर मतदान के समय दिखाना होगा ।
4. पैनल में चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को नामांकन भरते समय ही सभी उम्मीदवारों के संयुक्त हस्ताक्षर कर पैनल की सूचना चुनाव अधिकारी को देनी होगी अन्यथा वह एकल उम्मीदवार माना जाएगा।

हार्दिक शुभकामनाओं के सहित !

तारीख - 17/06/2024
स्थान - जगदलपुर

(संतोष मिश्रा)
चुनाव अधिकारी
जगदलपुर

**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड**

क्रमांक / 12-11 / सामा. / प्रेस /
जगदलपुर, दिनांक 19/06/2024

**बिजली बंद की सूचना**

जगदलपुर जोन के समस्त सम्मानीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि (शहर) संभाग, छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, जगदलपुर के अंतर्गत निम्नांकित फीडरों / विद्युत/ एवं 33/11 के. व्ही. सबस्टेशन लाईन का मानसून पूर्व रखरखाव / संधारण कार्य किया जाना प्रस्तावित है। अतः निम्न दर्शायी गई तिथि के सम्मुख दर्शाये गये क्षेत्र में प्रातः 10:30 बजे से सायं 05:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। आवश्यकतानुसार समय में कमी या वृद्धि की जा सकती है ।

| क्र. | दिनांक | दिन | फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 20.06.2024 | गुरूवार | 11 के.व्ही. वृन्दावन फीडर | संतोषी वार्ड, वृन्दावन कालोनी, डीएनके प्रेस, बी.एस.एन.एल ऑफिस, लुथरान चर्च बोधघाट हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, वर्धमान कालोनी, साकेत कालोनी, एवं आसपास का क्षेत्र |
| 2 | 21.06.2024 | शुक्रवार | 11 के.व्ही. कुम्हारपारा, फीडर | पुलिस लाईन, सनसिटी, कुम्हारपारा, पुराना बस स्टैण्ड से लेकर माड़िया चौक तक, निर्मल विद्यालय, शहीद पार्क से चाँदनी चौक, बालाजी वार्ड, जलाराम मंदिर, वृन्दावन कालोनी का क्षेत्र एवं आसपास का क्षेत्र । |
| 3 | 22.06.2024 | शनिवार | 11 के.व्ही. टॉऊन फीडर-1 | कृष्णा पेट्रोल पंप से कलेक्ट्रेट कार्यालय तक, कोर्ट, लाल चर्च, चांदनी चौक, महारानी वार्ड, देवांश होटल, नयापारा, बीएसएनएल ऑफिस प्रतापगंज पारा, बस्तर हाई स्कूल क्षेत्र, एवं आसपास का क्षेत्र । |
| 4 | 24.06.2024 | सोमवार | 11 के.व्ही. सनसिटी फीडर | सनसिटी कालोनी, आईजी बंगला, कमीशनर बंगला, काछन गुड़ी, पुलिस लाईन, पथरा गुडा, लालबाग नेहरूमंच, चूनाभट्टी, एवं आसपास का क्षेत्र । |
| 5 | 25.06.2024 | मंगलवार | 11 के.व्ही. हाउसिंग बोर्ड फीडर | 440 फलैटस, रविशंकर नगर एवं आसपास का क्षेत्र । |
| | | | 11 के.व्ही. गणपति फीडर | लाल बाग, बैंक कालोनी, पुलिस कोआर्डिनेट सेंटर, आमागुड़ा चौक से आनंद ढाबा तक गणपति होटल, गोरियाबहार नाला संतसंग, मजार एवं आसपास का क्षेत्र । |
| 6 | 26.06.2024 | बुधवार | 11 के.व्ही. हाटकचोरा फीडर | अनुकुलदेव वार्ड, विवेकानन्द वार्ड, एवं आसपास का क्षेत्र |
| | | | 11 के.व्ही. एरोड्रम फीडर | सिचांई कालोनी, बोधघाट थाना, रेलवे स्कूल एवं आसपास का क्षेत्र । |
| 7 | 27.06.2024 | गुरूवार | 11 के.व्ही. बस स्टैण्ड फीडर | आवंतिका कालोनी, बोधघाट चौक, होटल अतिथि, हॉटल रिखा के पीछे, नया बस स्टैण्ड, नगर निगम ऑफिस, लालचर्च आकाश नगर, फ्रेजरपुर, भाजपा कार्यालय, शांति नगर, गोयल धर्मशाला, संजय नगर एवं आसपास का क्षेत्र |

"बिजली की बचत ही बिजली का उत्पादन है"
"असुविधा के लिये खेद है"

कार्यपालन अभियंता (शहर)
छ. स्टेट पॉ.डि.कं. लि. जगदलपुर

